बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

अधिसूचना

सं0सं0–9/आ0–05–15/2025(स्वा0) ...................... /पटना, दिनांकः–....................................

श्री महेश्वर सिंह एव अन्य द्वारा समर्पित परिवाद की जॉच हेतु विभागीय आदेश सं०–62/स०को० दिनांक–28.05.2025 द्वारा द्वि–सदस्यीय जॉच समिति का गठन किया गया। द्वि–सदस्यीय जॉच समिति का पत्रांक–136/उ०स०को०/CCC दिनांक–05.06.2025 द्वारा डॉ0 संजय कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मशरक, सारण के विरूद्ध अधीनस्थ कर्मियों के संलिप्तता से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र एवं फर्जी जख्म प्रतिवेदन निर्गत करने, खुन जॉच के लिए Chemical Reagent की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं करने एवं सस्थानों में उपलब्ध करायी गयी दवाओं का दुर्विनियोग करने का आरोप प्रतिवेदित किया गया है।

2. डॉ० कुमार को पदीय कार्य के प्रति कदाचार बरतने एवं कर्त्तव्यहीनता के लिए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–9(i)(क) के तहत अधिसूचना निर्गत की तिथि से अगले आदेश तक निलंबित किया जाता है।

3. निलंबन अवधि में डॉ० कुमार का मुख्यालय, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना निर्धारित किया जाता है।

4. निलंबन अवधि में डा0 संजय कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मशरक, सारण, छपरा को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एव अपील) नियमावली, 2005 के नियम–10 के तहत जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

5. संदर्भित आरोपों की जॉच हेतु इनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही के संचालन हेतु संकल्प अलग से निर्गत किया जाएगा।

6. उपर्युक्त में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह०/–

(उपेन्द्र राम)

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांकः–9/आ0–05–15/2025(स्वा0) ...................... /पटना, दिनांकः–.........................

प्रतिलिपिः–महालेखाकार, (ले0 एवं हक0) बिहार पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/जिला पदाधिकारी, सारण, छपरा/कोषागार पदाधिकारी, सारण, छपरा/सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांकः–9/आ0–05–15/2025(स्वा0) 687(9) /पटना, दिनांकः–23.6.25

प्रतिलिपिः–माननीय स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वा0 विभाग के प्रधान आप्त सचिव/सभी निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाऐं, बिहार पटना के निजी सहायक को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–क्षेत्रीय अपर–निदेशक, स्वास्थ्य सेवायें सारण प्रमडल, छपरा/सिविल सर्जन, सारण/लेखा शाखा, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि–डा0 सजय कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मशरक, सारण, छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–प्रशाखा पदाधिकारी 2, 3, 5 7, 8, 17 एवं 18A को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, स्वा0 विभाग को विभागीय वेबसाइट मे प्रकाशनार्थ प्रेषित।

23/06/2025

सरकार के अवर सचिव।